कोटद्वार, मंगलवार
17 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 141 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

ज्वालापुर गुघाल मेले मे उमड़ी भीड़

हरिद्वार। ज्वालापुर के पांडे वाला मैदान में आयोजित गुघाल मेले में भक्तों ने प्राचीन सिद्ध पीठ गोगा म्हाड़ी पर रखी गई पवित्र छड़ी की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर में प्रसाद चढ़ाने वाले भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। श्री पंचायती धड़ा फिराहेडियान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान लोगों ने लाइन में खड़े होकर गोगा म्हाड़ी की पवित्र छड़ी पर झंडा निशान और प्रसाद चढ़ाया। मेले में राजनीतिक दलो से जुड़े लोगों, धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी गोगा का आशीर्वाद लिया। मेले के दौरान महिलाओं और बच्चों ने झूलों का भरपूर आनंद ले लिया। इसके साथ ही विभिन्न स्टालों में खाद्य चीजों का स्वाद लिया। मेला परिसर क्षेत्र को धड़ा पंचायत कमेटी की और बिजली की रंगीन झालरों से सजाया गया था।

निकाय, पंचायत, केदारनाथ चुनाव से पहले चला सस्ती बिजली का बड़ा दांव

देहरादून। निकाय, पंचायत, केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव से पहले राज्य की धामी सरकार ने सस्ती बिजली का बड़ा दांव चल दिया है। बिजली बिलों में 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी देकर राज्य की करीब आधी आधी आबादी को साधने का प्रयास किया है। इसके साथ ही विपक्ष के हाथ से महंगी बिजली का मुद्दा छीन लिया है। सस्ती बिजली को अब चुनावों में बड़े स्तर पर भुनाने की तैयारी सत्ता पक्ष की ओर से की जाएगी। पिछले कुछ समय से विपक्ष महंगी बिजली को लेकर लगातार सत्ता पक्ष की घेरेबंदी में जुटा रहा। सड़क से लेकर सदन तक महंगी बिजली पर सवाल खड़े किए जा रहे थे। इन चौतरफा हमलों की काट के रूप में सरकार ने बिजली बिलों में सीधे 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ देने का ऐलान कर दिया है। 50 प्रतिशत सब्सिडी के लाभ के दायरे में भी बेहद आम लोगों को शामिल किया गया है। यही वो वर्ग है, जो मतदान में सबसे अधिक बढ़चढ़ कर भाग लेता है। 11.50 लाख की आबादी को इस दायरे में लाकर एक बड़े मतदाता वर्ग को साधने का प्रयास किया गया है। ये फैसला ऐसे समय में किया गया है, जब राज्य बहुत जल्द निकाय, पंचायत समेत केदारनाथ उपचुनाव में जा रहा है। इस फैसले के जरिए सरकार ने चुनावी मुहिम का आगाज भी कर दिया है।

किराये के विवाद में दो पक्ष भिड़े, सात पर केस दर्ज

रुद्रपुर। टाटा मैजिक का बकाया किराया मांगने के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने पुलभट्टा थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज कर सात लोगों को नामजद किया है। अफसर खां पुत्र दुले खां ग्राम शहदौरा ने पुलभट्टा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितबंर को वह टाटा मैजिक वाहन लेकर भैंस लेने जा रहा था। आरोप है कि गांव के पास सरताज पुत्र सलीम अहमद ने उसे रोक कर 2400 रुपये मांगे। जबकि उन्हें सरताज के 1200 रुपये देने थे। उन्होंने सरताज को 1200 रुपये देने का भरोसा दिया और वाहन में बैठकर आगे बढ़ गया। इस पर सरताज आग बबूला हो गया और उन्हें आगे जाकर रोक लिया। जैसे ही वह वाहन से उतरा, सरताज, उसके पिता सलीम और उसके भाई शकील अहमद लाठी–डंडों से उसे मारने लगे। इस कारण उसका सिर फट गया। इधर, सरताज ने पुलभट्टा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 12 सितबंर को गांव के स्कूल के पास खड़ा था। तभी वहां अफसर खां आ गया। उन्होंने अफसर से अपने किराये के बकाया 2700 रुपये मांगे। इस पर अफसर व उसके साथ सारुम, निजाम और छोटू ने उसे डंडे से मारना शुरू कर दिया। इस कारण उसका सिर फट गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को देंगे 11 लाख का इनाम

नई दिल्ली , शिवसेना(शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड ने राहुल गांधी के लिए विवादित बयान दिया। एक सार्वजनिक सभा में आरक्षण के मुद्दे पर बोलेते हुए गायकवाड ने राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान कर दिया। शिवसेना विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान खतरे में है। ऐसा फेक नरेटिव फैलाकर लोगों का वोट लिया और आज आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। वे आज पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। राहुल ने जो ये भाषा बोली है कि आरक्षण खत्म करेंगे। मैं कहता हूं जो राहुल की जीभ काटेगा मैं उसे 11 लाख दूंगा।

केजरीवाल के इस्तीफे पर अन्ना हजारे बोले

राजनीति में जाने के लिए मैंने मना किया था

नई दिल्ली ,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं के बीच बड़ा ऐलान किया। इस पर सियासी दलों ने तो अपनी राय जाहिर की ही है समाज सेवी अन्ना हजारे ने भी प्रतिक्रिया दी है। सीएम केजरीवाल के इस फैसले को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे ने कहा कि, मैंने पहले ही अरविंद केजरीवाल को बताया था कि राजनीति में नही जाना, समाज की सेवा करना। इसी से तुम बड़े आदमी बन जाओगे। कई साल हम लोग साथ में रहे, उस वक्त मैं बार–बार कह रहा था कि राजनीति में नही जाना। समाज सेवा अपने जीवन में आनंद देती है। मैं आनंद में डूबे रहने वाला व्यक्ति हूं। आज जो होना था वो हो गया। उनके दिल में क्या है, मैं क्या जानता हूं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता उदित राज ने सीएम केजरीवाल की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस पर कांग्रेस पार्टी जवाब तो नहीं देगी, उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है कि वो इस्तीफा देंगे कि मुख्यमंत्री बने रहेंगे। मेरा मानना है कि इस कदम के पीछे सहानुभूति के आधार पर वोट लेना है। उनकी अपनी रणनीति है कि वो क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देना था, तो जब जेल जा रहे थे, उसी समय दे देना चाहिए था। अब इस समय इस्तीफे की पेशकश कर रहे हैं तो जरूर कोई बात होगी।दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि, केजरीवाल ने इस्तीफा सुप्रीम कोर्ट के दबाव में देने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने जो शर्त लगाई है, उसने केजरीवाल के हाथ पांव सारे बांध दिए गए हैं। अब वह सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाएंगे और खुद शीश महल का आनंद लेंगे। दिल्ली की जनता केजरीवाल के नाटक को जान चुकी है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा था, मैं जब जेल में था तो भाजपा वालों ने पूछा कि केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। मैं आपसे पूछने आया हूं कि आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हो कि गुनहगार मानते हो? दो दिन के बाद मैं सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे। आप अपना फैसला सुनाओगे, तब मैं उस कुर्सी पर बैठूंगा।

सीएम का ऐलान 100 और 200 यूनिट बिजली खर्च करने वालों को मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

● राज्य में पिटकुल की पांच परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास ● 977 करोड़ की लागत से देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों की विद्युत लाईनें होंगी भूमिगत

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : राज्य में प्रतिमाह 100 यूनिट तक विद्युत खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी देगी धामी सरकार। उच्च हिमालयी क्षेत्रों के लिए यह मानक 200 यूनिट तक रहेगा। यह सुविधा 01 किलोवाट तक विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी। इस योजना का लाभ लगभग 11 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को अनेक सौगात दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पिटकुल की ए.डी.बी. वित्त पोषत 05 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन 05 परियोजनाओं में 220 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन सेलाकुई एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन आराघर एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन लोहाघाट एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन धौलाखेड़ा एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य तथा 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन खटीमा द्वितीय और संबंधित लाईन के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यूपीसीएल की परियोजनाओं गढ़वाल और कुमांऊ क्षेत्र में केन्द्र पोषित आर.डी.एस.एस योजना के अन्तर्गत 16 लाख स्मार्ट मीटरों के स्थापना के कार्य एवं एडीबी द्वारा बाह्य सहायतित उत्तर-खण्ड क्लाइमेट रेजिलिएन्ट पावर स्टिम डवलपमेंट प्रोजक्ट के अन्तर्गत देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों की विद्युत लाईनों को भूमिगत किये जाने वाले कार्यों का शुभारंभ किया। इसमें लगभग 977 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत निर्मित लक्ष्मी आवास योजना शिकारपुर, रूड़की, हरिद्वार के भवनों के 101 लाभार्थियों को कब्जा पत्र और चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के सतत विकास के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज विद्युत की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, इनसे राज्य में विद्युत की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था में और सुधार होगा। इससे राज्य में उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार में भी वृद्धि होगी। इससे राज्य की आर्थिकी को और मजबूत आधार मिलेगा। स्मार्ट मीटरों से ऊर्जा आपूर्ति प्रणाली सुदृढ़ होगी और आम जनता की बिलिंग सबंधी समस्याएं भी दूर होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्य, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सेनी, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार, एमडी पिटकुल पी.सी ध्यानी और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

गंगा में डूब रहे भाई को बहनों ने बचाया, खुद बह गईं, सर्च अभियान जारी

ऋषिकेश। रायवाला थाना क्षेत्र में हरिपुर कला क्षेत्र में नहाते समेत गंगा में एक लड़का डूबने लगा। उसकी दो बहनों ने भाई को धक्का देकर किनारे पर किया और जैसे–तैसे उसे बचाया है। लेकिन वो खुद नहीं बच पाईं। दोनों बहनों की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया है। हरिपुर कला पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा ने घटना की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि हरिपुर कला गली नंबर 3 भीमसेन आश्रम में अनिल कुमार किराए पर रहते हैं। अनिल कुमार के तीन बच्चे हैं। तीनों सोमवार को हरिपुर कला क्षेत्र में ही गंगा में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय अनिल कुमार का बेटे सूरज पानी के बहाव के साथ बहने लगा। सूरज ने मदद के लिए दोनों बहनों को आवाज लगाई। दोनों बहनें भी मदद के लिए आगे बढ़ीं और गंगा में उतरकर किसी तरह भाई को धक्का देकर किनारे किया। हालांकि इस दौरान वो खुद को नहीं बचा पाई और दोनों गंगा के तेज बहाव में बह गईं। बच्चों के माता–पिता आश्रम के पास ही काम करते हैं। दोनों सोमवार को काम पर गए हुए थे, तभी ये हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि पड़ोस की एक महिला तीन बच्चों को अपने साथ ले गई थी।

एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें घटना की सूचना दी थी। जिसके बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची और बच्चियों के सर्च ऑपरेशन में जुटी है। दोनों लापता बहनों में साक्षी की उम्र 15 साल और वैश्वी की उम्र 13 साल है।

कर्नाटक के बेलगाम में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत छह घायल

बेलगाम ,कर्नाटक के बेलगाम में भीषण सडक़ हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई। मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है। जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे। वहीं एक अन्य मामले में तुमकुर जिले के मधुगिरि के बाहरी इलाके जादेगोंडानहल्ली के पास दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौतम (26) और बंदरहल्ली के अनिल (26) के रूप में हुई है। यह मामला जिले के मधुगिरी थाना क्षेत्र का है।

ममता बनर्जी ने फिर बुलाई जूनियर डॉक्टरों की मीटिंग

● कहा– बातचीत का ये आखिरी मौका

कोलकाता , पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर से डॉक्टरों की बैठक बुलाई है, जो आज शाम पांच बजे सीएम आवास पर होगी। ममता ने इस बैठक को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से बातचीत का आखिरी मौका करार दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग नहीं की जाएगी, हालांकि उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकेगी। इस स्थिति में यह देखना होगा कि प्रदर्शनकारी डॉक्टर इस बैठक में शामिल होते हैं या नहीं।

कोलकाता रेप केस के विरोध में जूनियर डॉक्टर पिछले एक महीने से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार डॉक्टरों से बातचीत के लिए बुलाया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पिछली बार, शनिवार को डॉक्टरों के साथ बातचीत का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन लाइव स्ट्रीमिंग पर सहमति न बनने के कारण बातचीत बाधित हो गई।9 अगस्त को लेडी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में जूनियर डॉक्टर 36 दिनों से हड़ताल पर हैं। इससे पहले नबान्न में सीएम ममता बनर्जी और डॉक्टरों के बीच बातचीत की कोशिशें विफल रही थीं। उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत का प्रस्ताव रखा और कहा कि उन्होंने डॉक्टरों को अपने घर पर बुलाया था। हालांकि, लाइव स्ट्रीमिंग पर अड़चन के कारण बातचीत आगे नहीं बढ़ पाई।

क्या है कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर केस?

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर के साथ पहले रेप किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद डॉक्टरों ने न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू किया, जो अब देशव्यापी हड़ताल में बदल गया है। मामले को देखते हुए हाई कोर्ट ने हस्तक्षेप किया और इसकी जांच कोलकाता पुलिस से सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने जांच शुरू की, और सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट में अब तक दो बार सुनवाई हो चुकी है और सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया गया है।

हरियाणा की राजनीति में भूचालः सिरसा में भाजपा प्रत्याशी ने उम्मीदवारी से नाम वापस लिया

सिरसा ,हरियाणा की राजनीति में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब सिरसा में भाजपा के प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा ने नामांकन वापस लेने का फैसला कर लिया और निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नाम वापस ले लिया। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल भाजपा के भीतर हलचल मचा दी है, बल्कि जांगड़ा के समर्थन में और खिलाफ भी प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रोहिताश्व जांगड़ा ने यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इशारे पर उठाया है। भाजपा के मैदान से हटने के बाद अब यहां हलोपा के प्रत्याशी गोपाल कांडा की स्थिति मजबूत हो गई है, क्योंकि अब यहां सीधी टक्कर होगी। कांग्रेस ने यहां से पूर्व विधायक और प्रभावशाली नेता लक्ष्मण दास अरोड़ा के नाती गोकुल सेतिया को टिकट दिया है।

जांगड़ा के नामांकन वापस लेने से सुथार समाज में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस समाज के कई लोग जांगड़ा को समर्थन दे रहे थे। लेकिन उनकी उम्मीदें अब धुल गई हैं। इस मुद्दे को लेकर समाज के भीतर विरोध प्रदर्शन और असंतोष की लहर भी उठ सकती है। इस घटनाक्रम ने सिरसा की राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है, और आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस स्थिति को कैसे संभालती है और क्या नए उम्मीदवार की घोषणा के बाद पार्टी के भीतर की स्थिति सामान्य हो पाती है।

अंदर की बातज्.गोपाल कांडा को भाजपा के समर्थन में लाने की कोशिशः

सिरसा सीट पर हालांकि गोपाल कांडा और इनेलो का गठबंधन है। इसलिए भाजपा को आशंका थी कि कहीं चुनाव जीतने के बाद सरकार गठन के समय कहीं गोपाल कांडा पाला बदलकर कांग्रेस की तरफ न चले जाएं। इसलिए भाजपा के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने तुरुप का पत्ता चलते हुए अपने प्रत्याशी को मैदान से हटा लिया।

उम्मीद की जा रही है कि ऐसे में भाजपा अपने करीब 10,000 वोट गोपाल कांडा को ट्रांसफर करवा सकती है। कांडा का यहां जानधार है। क्योंकि पिछला चुनाव वे 603 वोट से ही जीत पाए थे। इसलिए उनकी स्थिति काफी मजबूत हो गई है।

कैसे हुई थी मुख्तार अंसारी की मौत? मजिस्ट्रियल जांच की रिपोर्ट में सामने आई वजह

बांदा , माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से हुई है। बांदा के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस जांच में मुख्तार अंसारी के परिजनों द्वारा लगाए गए जहर दिए जाने के आरोपों को खारिज कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने इस जांच रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दिया है। मुख्तार अंसारी के परिजनों को भी इस रिपोर्ट के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नही दी। 28 मार्च को जेल में बंद मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तुरंत बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल रिपोर्ट में भी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया था। लेकिन, मुख्तार अंसारी के परिजनों और विपक्षी दलों ने उनकी मौत को संदिग्ध बताया था और आरोप लगाया था कि उन्हें धीमा जहर दिया गया था। इन आरोपों के बाद सरकार ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए थे। मजिस्ट्रियल जांच में पाया गया कि मुख्तार अंसारी के शरीर में किसी तरह का जहर नही मिला है। उनकी मौत का मुख्य कारण हार्ट अटैक ही था। जांच रिपोर्ट आने के बाद मुख्तार अंसारी के परिजनों से भी इस बारे में पूछताछ की गई थी। उन्हें रिपोर्ट की एक प्रति भी भेजी गई थी,

हार्डवेयर गोदाम में लगी भीषण आग, मची अफरा–तफरी

विकासनगर। विकास नगर के मुख्य बाजार में स्थित गीता भवन के पास स्थित एक हार्डवेयर के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भंयकर थी की स्थानीय लोगों और दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने गोदाम मे रखा सारा सामान अपनी आगोश मे ले लिया। आसपास धुएं के गुबार उठने लगा । आग लगने की सूचना पर आसपास के लोग काफी संख्या में एकत्र हुए। आनन फान में फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों के वाहनों ने आग पर पानी की बौछारें की। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से गोदम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। विकासनगर कोतवाली के एसएस आई संजीत ने बताया आग लगने की सूचना पर पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान लोगों से गोदाम में लगी आग से दूरी बनाए रखने को कहा गया। उन्होंने कहा दमकल कर्मियों की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया आग काबू करने में करीब डेढ घंटे लगे। उन्होंने बताया आग लगने के कारण पास में वैल्डिंग की चिंगारी बताई जा रही है। साथ ही पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है।

मारा गया हरिद्वार ज्वेलरी शोरूम डकैती में शामिल 1 लाख का इनामी डकैत

देहरादून। हरिद्वार में ज्वेलरी शोरूम में करोड़ों की डकैती में शामिल बदमाशों और पुलिस के बीच रविवार देर रात मुठभेड़ हुई। पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश ढेर हो गया। हालांकि उसका साथी फरार हो गया। दोनों बदमाश बीते दिनों रानीपुर मोड़ स्थित ज्वेलरी शोरूम में हुई डकैती के मामले में वांछित डकैतों में शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस को घटनास्थल से लाखों रुपये के आभूषण भी मिले। पुलिस ने बताया कि मरने वाले बदमाश पर एक लाख का इनाम घोषित था। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पत्रकारों को देते हुए पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि बीती 01 सितंबर, 2024 को हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में श्री बालाजी ज्वैलर्स में बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े डकैती की बेहद गंभीर एवं जघन्य घटना को अंजाम दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा उक्त घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए गए थे। श्री अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड महोदय ज्वालापुर डकैती की घटना पर बहुत गंभीर और सख्त रवैया अपनाया गया था। इस बीच उन्होंने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में बारीकी से जानकारी लेते हुए पीड़ित को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के साथ घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। साथ ही अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय टीमों के साथ–साथ एस0टी0एफ0 की टीम को भी नियुक्त करते हुए घटना का शीघ्र अनावरण किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार को निर्देशित किया गया। पूरे मामले की पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा दिए गए विश्वास, समर्थन एवं मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिदेशक महोदय के दिशा–निर्देशन में उक्त घटना का सफल अनावरण किया गया। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर, 2024 की रात्रि समय करीब 22.30 बजे थानाध्यक्ष बहादराबाद पुलिस टीम के साथ भेल तिराहा बहादराबाद पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग कर रहे थे। लोहा पुल की तरह से एक मोटरसाइकिल बिना नबर जिस पर दो लोग सवार थे, दोनों व्यक्तियों द्वारा सफेद कपड़े से अपने चहरे ढके हुए थे को रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया और वे बहादराबाद बाजार की तरफ भाग गए, जिस पर थानाध्यक्ष बहादराबाद द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ उक्त बदमाशों का पीछा किया गया तो उक्त बदमाश भगवानपुर रोड की तरह भाग रहे थे की पथरी रोह पुल से लगभग 100 मीटर पहले रास्ते पर ब्रेकर पर मोटर साइकिल फिसल गई। *मोटरसाइकिल को यह लोग रास्ते पर ही छोड़ कर जंगल की तरफ पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने लगे और पुलिस टीम को पीछे आता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मसमर्पण के लिए कहां गया तो फिर भी बदमाश लगातार पुलिस टीम पर फायर करते रहे। पुलिस टीम द्वारा अपनी आत्मरक्षा हेतु जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें एक बदमाश घायल हो गया और एक अंधेरे का फायदा उठा मौके से कर भागने में कामयाब रहा। घायल को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलवाया गया और मौके पर बरामद बैग को चेक करने पर बैग के अंदर से श्रीबालाजी ज्वेलर्स के यहां से दिनांक 01 सितंबर, 2024 को लूटी गई ज्वेलरी बरामद हुई। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान बदमाश को चिकत्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। बदमाश के पास से बरामद मोबाइल फोन के आधार पर बदमाश की शिनाख्त सतेंद्र पाल उर्फ़ लक्की पुत्र राजपाल सिंह निवासी मुक्तसर पंजाब उम्र करीब 32 वर्ष के रूप में हुई है। अभियुक्त पर 01 लाख रुपए का ईनाम भी घोषित था। बदमाश के विरुद्ध पंजाब में भी आपराधिक मामले दर्ज होना प्रकाश में आया है। उक्त घटना के संबद्ध में थाना बहादराबाद पर अंतर्गत धारा 109 बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट (पुलिस मुठभेड़) में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

इसी बीच डकैती प्रकरण के खुलासे में जुटी जनपद हरिद्वार ज्वालापुर पुलिस द्वारा उक्त डकैती में शामिल 02 अन्य अभियुक्तों गुरदीप सिंह उर्फ मोनी पुत्र बूटा सिंह निवासी श्री मूसा साहब बूढ़ा गुर्जर रोड मेंमा सिंह बस्ती थाना सिटी मुक्तसर पंजाब और जयदीप सिंह उर्फ माना पुत्र धर्मेंद्र सिंह उर्फ राजू निवासी मूसा साहिब गुर्जर रोड मेंमासिंह बस्ती थाना सिटी मुक्तसर जिला मुक्तसर पंजाब को डकैती में लूटे गए आभूषण, आठ सोने की चेन, के साथ ख्याति ढाबा के नजदीक से गिरफ्तार किया गया है।

सम्पादकीय

दिल्ली की राजनीति का भविष्य

आखिरकार अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का मन बना लिया है। अगले दो दिन में वह इस पद को छोड़ देंगे और विधानसभा में मुख्यमंत्री के तौर पर नया नेता चुना जाएगा। यह तो अटकलें पहले ही लगाई जा रही थी कि क्या अरविंद केजरीवाल इतनी लंबी कानूनी प्रक्रिया एवं आरोप लगने के बाद मुख्यमंत्री के पद पर बने रह सकेंगे। उन्हें जमानत भी इसी शर्त पर मिली है कि वह ना तो मुख्यमंत्री से संबंधित कोई कार्य करेंगे और ना ही शासकीय दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर पाएंगे। इसके अलावा अधिकारियों के साथ बैठक के व अन्य फैसले लेने पर भी उन पर रोक लगाई गई है। अब इन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री पद पर बने रहना नैतिक तौर पर यूं भी ठीक नहीं था। खुद अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी मानते हैं कि उन्होंने अपनी यह स्थिति खुद बनाई है। लोकपाल बल के समर्थन में अन्ना हजारे के नेतृत्व में जब यह पूरा ग्रुप प्रकाश में आया था तो उस वक्त अरविंद केजरीवाल इस आंदोलन के एक महत्वपूर्ण अंग थे। उन्होंने अन्ना हजारे के नेतृत्व में इस अभियान को न केवल आगे बढ़ाया बल्कि इसका राजनीतिक लाभ भी उठाया जिसका अन्ना हजारे हमेशा से ही विरोध करते आ रहे थे।। खुद अन्ना हजारे ने अरविंद केजरीवाल को राजनीति से दूर रहने की सलाह दी थी लेकिन केजरीवाल ने राजनीतिक भविष्य की चाह में आम आदमी पार्टी का गठन किया और वह सफलता प्राप्त की जो हिंदुस्तान के इतिहास में खुद एक मिसाल बन गई। अरविंद केजरीवाल के इस निर्णय को लेकर अन्ना हजारे और "केजरीवाल एंड कंपनी" के बीच एक लंबी दरार पैदा हो गई। अन्ना हजारे ने खुद को केजरीवाल से बिल्कुल अलग कर लिया लेकिन बीच-बीच में उन्हें राजनीति के दुष्प्रभावों को लेकर नसीहत भी देते रहे। इधर आखिरकार वह सब चरितार्थ हो गया जिसके लिए अन्ना हजारे हमेशा से ही केजरीवाल को सचेत करते आ रहे थे। के इस्तीफा देकर एक और राजनीति का बड़ा दांव फेंका है और जल्दी दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की कोशिशें भी अब शुरू होगी। यह चुनाव दिल्ली और अरविंद केजरीवाल की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे क्योंकि जहां एक तरफ अरविंद केजरीवाल खुद को जनता का नेता साबित करने की कोशिश करेंगे तो वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की राजनीति समाप्त करने के लिए जो हथकंडे अपनाए उसके एवज में भाजपा को क्या हासिल होता है यह भी दिल्ली के विधानसभा चुनाव तय करेंगे।

सहकारी क्षेत्र में नई जान फूँकेंगी प्राथमिक कृषि ऋण समितियां

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं।

शाजी के वी, अध्यक्ष, नाबार्ड

दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – 2025' के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पीएसीएस अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी।

सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पीएसीएस के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पीएसीएस के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पीएसीएस की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे – बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी /बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पीएसीएस ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पीएसीएस अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पीएसीएस की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पीएसीएस को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पीएसीएस के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे पीएसीएस संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए ज़रूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है। इस योजना का उद्देश्य पीएसीएस स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष, कृषि विपणन अवसंरचना, कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बर्बादी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को पीएसीएस स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।चूंकि पीएसीएस ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

गांवों में चिकित्सकों की कमी

अशोक शर्मा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की ग्रामीण आबादी डॉक्टरों की कमी का समस्या का सामना कर रही है। हाल में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने भारत की स्वास्थ्य गतिशीलता (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन)2022-23 नामक एक वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट को पहले 'ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी' कहा जाता था। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के गांवों में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पास अपना भवन नहीं है।रिपोर्ट यह भी बताती है कि ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पदों में सबसे अधिक 73 फीसदी कमी शल्यचिकित्सकों की है। इसके बाद, चिकित्सकों में 69 प्रतिशत, बाल रोग विशेषज्ञों में 68 प्रतिशत और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों में 61 प्रतिशत) की कमी पायी गयी है। गांवों में चिकित्सकों की कमी की समस्या पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है। सिर्फ एलोपैथी ही नहीं, होमियोपैथी और आयुर्वेदिक चिकित्सकों की भी कमी है। चिकित्सकों की कमी की वजह से गांव में बसे लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और नतीजतन वे असमय काल के गाल में समा जाते हैं। इस समस्या से निपटने की कोशिशें भी समय-समय पर होती रही हैं, परंतु यह पर्याप्त नहीं दिखती है। स्थिति यह है कि पक्की नौकरी के बावजूद चिकित्सक गांव में नहीं जाना चाहते हैं।कुछ राज्यों ने चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए सख्त कानून भी बनाये थे, तब भी गांव में सेवा देने से चिकित्सकों ने मना कर दिया। ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञों के लिए 13,232 पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 4,413 ही भरे गये हैं। सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को मिलाकर ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शल्यचिकित्सकों के लिए 3,371 स्वीकृत पद हैं, मगर 913 पद भरे जा सके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दस वर्षों में स्नातकोत्तर स्तर पर मेडिकल सीटों की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ी हैं। इसके बावजूद ग्रामीण भारत में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी की समस्या बनी हुई है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सत्ता में आने के बाद से विशेष उपचार के लिए एक दर्जन से अधिक एम्स जैसे चिकित्सा संस्थानों का निर्माण हुआ है। सरकार की योजना है कि देश के 761 जिलों में से हरेक में कम से कम एक बड़ा अस्पताल बने। कहने की जरूरत नहीं है कि भारत की बड़ी आबादी गांवों में बसती है। इतने प्रयासों के बावजूद गांवों में चिकित्सकों समेत स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी चिंताजनक है। त्वरित गति से इस समस्या का निदान किया जाना चाहिए ताकि गांव के लोग भी लंबी आयु पायें और रोगमुक्त रह सकें।

क्रूरतम और वीभत्स मुकाम मानव विवेक के लिए स्वीकार करना नामुमकिन

लोग जब बलात्कार जैसी घटना को नजारे की तरह देखने लगें, तो निशब्द होने के अलावा किसी विवेकशील व्यक्ति के पास और क्या बच जाता है? उज्जैन में जो दिखा, उसे मानवीय चेतना पर प्रहार के अलावा और क्या कहा जा सकता है?

उज्जैन में जो हुआ, मानव विवेक के लिए उसे सहज स्वीकार करना नामुमकिन है। कोई मुजरिम सरेआम फुटपाथ पर बलात्कार करे, यही अपने-आप में आहत करने वाली बात है। उससे भी ज्यादा संवेदना को चोटिल करने वाला पहलू यह है कि राहगीर उसे देखते रहें, उनमें से कुछ अपने स्मार्टफोन पर वीडियो बनाएं, और फिर वीडियो को कुछ बड़ा हासिल कर लेने जैसे भाव के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करें! घटना को रोकने की कोशिश तो दूर, उन दर्शकों में से कोई ऐसा नहीं निकला जो कम-से-कम शोर मचाता या पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर फोन करता।यहां तक कि घटना हो जाने के बाद भी किसी ने पुलिस को सूचना देने की जरूरत नहीं समझी! लोग जब बलात्कार जैसी घटना को नजारे की तरह देखने लगें, तो निशब्द होने के अलावा किसी विवेकशील व्यक्ति के पास और क्या बच जाता है?

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव

अजय दीक्षित

कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होते हैं । अभी मात्र हरियाणा और जम्मूकश्मीर में चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ है । पिछली बार महाराष्ट्र के चुनाव हरियाणा के साथ हुये थे ।

महाराष्ट्र की विधानसभा हरियाणा की विधानसभा के 22-23 डिन बाद खत्म हो जायेगी । विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि महाराष्ट्र में सत्ताधारी तीन पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर उलझ है । असल में अभी शिवसेना (शिंदे) का मुख्यमंत्री है । देवेन्द्र फडणवीस पूरे मुख्यमंत्री थे । परन्तु केन्द्र के निर्देश पर पुणे उपमुख्यमंत्री पद संभालना पड़ रहा है । अजित गुट भी अभी त्रिशंकु की स्थिति में हैं । उसका कोई नुमाइंदा केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सका है । भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र में उनकी पार्टी का मुख्यमंत्री हों । यह शिंदे गुट को पसंद नहीं आयेगा । तो वह असमंजस में है । शिंदे गुट कांग्रेस या शरद गुट एन.सी.पी. से समझौता नहीं कर सकती । अजित गुट इतनी सीटें नहीं जीतेगा कि वह गठबंधन करके सरकार बना लें ।

पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह दो दिन के दौरे पर जम्मू कश्मीर रही थे । उन्होंने घोषणा की है कि अगली सरकार उनकी ही बनेगी ।

असल में उन्हें जम्मू के हिन्दू वोटों पर भरोसा है । कश्मीर में तो उन्होंने पहले चरण के चुनाव में पांच-सात सीटों पर अपना उम्मीदवार ही नहीं खड़ा किया है । असल में वहां हिन्दू उम्मीदवार मिलना कठिन है । मिल भी जाए तो वह जीतेगा नहीं और मुसलमान उनकी पार्टी में बड़ी संख्या में शामिल नहीं है । जो मुसलमान भाजपा में शामिल हैं, उनके बहुत बड़ा

वोट बैंक नहीं है । यही बीजेपी की दुविधा है । जिस प्रकार योगी आदित्यनाथ और डॉ. मोहन यादव हिन्दुत्व की बात करते हैं उस सिद्धांत को देखते हुए भी ज्यादा मुसलमान भाजपा में नहीं जायेंगे । गुलाम नबी आजाद से भाजपा गठबंधन कर सकती है, परन्तु गुलाम नबी आजाद काफी ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएंगे । उनकी पार्टी के पास काडर ही नहीं है । लगता है कि वे अकेले उसे पार्टी के सर्वेसर्वा हैं ।

गृहमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर हिन्दू पंडितों की वापसी होगी और पर्यटन में बढ़ावा देकर रोजगार सर्जित होंगे । अब पांच साल से 370 हटने के बाद उपराज्यपाल सरकार चला रहे हैं । तो इन पांच सालों में कितने कश्मीरी पंडितों की वापसी हुई है । जहां तक पर्यटन का सवाल है आप कश्मीर में.ए.सी. चलने लगे हैं तो पर्यटक क्यों कश्मीर जायेंगे । वैसे भी वहां बाहरी लोग आतंकवादियों की निशाने पर हैं, तो लोग आशंकित रहते हैं । असल में प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ के कारण न केवल कश्मीर बल्कि मसूरी, नैनीताल में भी अब लोग पंखे चलाते हैं । शायद अगले कुछ सालों में ए.सी. भी चलने लगे । कश्मीर में सेब की उपज भी कम हो रही है । अतः पर्यटन अब ज्यादा संख्या में कश्मीर का रुख नहीं करेंगे ।

बेरोजगारी पूरे भारत की समस्या है । यह केवल कश्मीर की बात नहीं है । कश्मीर की झील में अब जलकुंभी उगने लगी है । लोग झील में कूड़ा फेंक रहे हैं । इन सब कारणों से पर्यटन से रोजगार की समस्या कठिन है । असल में भारत की राजनीति में अब परस्पर वार्ता खत्म हो गई है । कांग्रेस बीजेपी को कोसती है । भाजपा के प्रवक्ता राहुल गांधी को पप्पू कहते हैं या ये दो लडक़े (मतलब राहुल गांधी और अखिलेश यादव) असल में कश्मीर की समस्या के लिए वहां के बुद्धिजीवियों को साथ लेना होगा । क्या यह संभव है कि मेहबूबा और फारूक अब्दुल्ला के साथ भाजपा की वार्ता हो सके और फिर मिलकर कश्मीर के विकास पर बात हो । कश्मीर की समस्या इतनी आसान नहीं है जितनी दिखलाई पड़ती है । सबके सहयोग से ही रास्ता निकलेगा ।

विजय की आखिरी फिल्म दलपति 69 का पहला पोस्टर जारी

दलपति 69 साउथ सुपरस्टार विजय की राजनीति में प्रवेश से पहले आखिरी फिल्म होगी। द गोट की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद विजय की अगली फिल्म पर एक अपडेट आया है। इस फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस करने जा रहा है। बीते दिन प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक तौर पर एक भावुक वीडियो जारी करते हुए दलपति 69 के बारे में जानकारी दी थी। वहीं, अब केवीएन प्रोडक्शंस ने आधिकारिक तौर पर फिल्म का एलान कर दिया है। साथ ही उन्होंने दलपति 69 का पहला पोस्टर भी जारी किया।

केवीएन प्रोडक्शंस ने फिल्म की घोषणा करते हुए इसका पहला पोस्टर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकरियां भी साझा कीं। वहीं, उन्होंने दलपति 69 की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए पोस्टर में विजय के हाथों को दिखाया गया है और उनके साथ में जल्दी हुई एक मशाल दिख रही है। पोस्टर पर लिखा है कि लोकतंत्र के मशाल वाहक जल्द आ रहे हैं।निर्माताओं ने यह भी बताया है कि इस फिल्म का निर्देशन एच विनोत करेंगे। फिल्म में सुपरस्टार विजय मुख्य भूमिका निभाएंगे, लेकिन अब अन्य कलाकारों का खुलासा नहीं किया गया है। फिल्म के लिए संगीत अनिरुद्ध रविचंदर बनाएंगे। पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, हमें यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व और उत्साह हो रहा है कि हमारी पहली तमिल फिल्म दलपति 69 है, जिसका निर्देशन दूरदर्शी एच विनोत ने किया है, जिसमें संसेशन रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है।

इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। यह फिल्म अगले साल यानी अक्तूबर, 2025 में रिलीज होगी। पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म की कहानी सोशल ड्रामा थ्रिलर फिल्म होगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित

ओशादा फर्नांडो की हुई वापसी

नईदिल्ली,न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 सितंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है।धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में ओशादा फर्नांडो की लम्बे समय के बाद वापसी हुई है। उन्होंने मार्च 2023 में अपना पिछला टेस्ट मैच खेला था।वही दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाडियों को बरकरार रखा गया है। इंग्लैंड दौरे पर हिस्सा लेने वाले निशान मदुष्का को टीम से बाहर किया गया है।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उनके स्कोर क्रमशः 4, 0, 7 और 13 रन रहे थे।इंग्लैंड का दौरा करने वाले खिलाडियों में से ऑलराउंडर निसाला थारका और तेज गेंदबाज कसुन राजिथा को भी टीम से बाहर रखा गया है।इन दोनों खिलाडियों को इंग्लैंड दौरे पर प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था।

चेन्नई टेस्ट में 58 रन बनाते ही इतिहास रच देंगे विराट कोहली

-तोड़ देंगे सचिन का महारिकॉर्ड

नईदिल्ली,भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर उतरें और रिकॉर्ड ना बने, ऐसा कम ही देखने को मिलता है. अब टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने वाली है. सीरीज का पहला मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले में अगर विराट कोहली 58 रन बना लेते हैं, तो वह एक माइलस्टोन हासिल कर लेंगे.पिछले एक दशक से भी अधिक वक्त से इंटरनेशनल क्रिकेट पर राज कर रहे विराट कोहली के पास एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है. असल में विराट ने 26942 इंटरनेशनल रन बनाए हैं. अब यदि चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में 58 रन बना लेते हैं, तो वह 27 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लेंगे. ऐसा करने वाले विराट दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे. उनसे पहले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर, कुमार संगाकारा, रिकी पोंटिंग ही हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 27000 रन के आंकड़े तक पहुंच सके हैं. हालांकि, कोहली के पास सबसे तेज 27 हजार रन पूरे करने का मौका है, क्योंकि यदि चेन्नई टेस्ट में वह 58 रन बना लेते हैं, तो 592 पारियों में माइलस्टोन हासिल कर लेंगे. फिलहाल ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है, जिन्होंने 623 पारियों में ये कारनामा किया है. आपको बता दें, गौरतलब है कि कोहली के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 16,000, 17,000, 18,000, 19,000, 20,000, 21,000, 22,000, 23,000, 24,000, 25,000 और 26,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी है.

नेहा मलिक ने बॉडीकॉन ड्रेस में दिए किलर पोज, भोजपुरी एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर बेकाबू हुए फैंस

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

नेहा मलिक अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स को लेकर फैंस के बीच चर्चाओं में रहत हैं। उनका सिजलिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है।हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा मलिक ने नियॉन कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। उनके इस लुक पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही है। बालों को कर्ली स्टाइल कर के और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस भले ही इन दिनों किसी एल्बम सॉन्गस में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी लेटेस्ट पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

जूनियर एनटीआर की देवराः पार्ट 1 पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

कोरटाला शिवा की तेलुगु एक्शन फिल्म देवराः पार्ट 1 में जूनियर एनटीआर लीड रोल प्ले कर रहे हैं. फिल्म 27 सितंबर को रिलीज होगी उसके पहले इसे चार मॉडरेशन के बाद सीबीएफसी ने यू/ए सर्टिफिकेट दिया है. मेकर्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एनटीआर जूनियर की फिल्म देवराः भाग 1 (तेलुगु) की रिलीज को हरी झंडी दे दी गई है और सेंसर ने इसे यू/ए सर्टिफिकेट दिया है.रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स को फिल्म में चार कट लगाने के लिए कहा गया था. जिसके बाद उन्हें यू/ए सर्टिफिकेशन मिला. चार कट में से तीन वायलेंस वाले सीन थे. एक सीन था जिसमें कैरेक्टर अपनी पत्नी के पेट पर लात मारता है, जिसे बदलने के लिए कहा गया.

भारत-बांग्लादेश के बीच होगी टेस्ट और टी20 सीरीज

नईदिल्ली, बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत के दौरे पर आई है. भारत-बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने वाली है. इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से शुरू होने वाला है, जो चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में होगा. हालांकि, टेस्ट सीरीज के खत्म होने के बाद भारत-बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी. तो आइए बांग्लादेश के भारत दौरे के फुल शेड्यूल के बारे में बताते हैं... भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच हेड-टू-हेड टेस्ट आंकड़ों की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है. दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 11 मुकाबलों में भारत ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बेनतीजे रहे हैं. कुल मिलाकर आज तक भारतीय टीम को टेस्ट फॉर्मेट में बांग्लादेश से हार नहीं मिली है. हालांकि, भारतीय टीम अपकमिंग टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती, क्योंकि ये टीम अच्छी लय में है और पाकिस्तान को क्लीन स्वीप

करके आ रही है. देखने वाली बात होगी की कप्तान रोहित शर्मा किस रणनीति के साथ बांग्लादेश का सामना करते हैं.

पहला टेस्टः 19 से 23 सितंबर, चेन्नई, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्टः 27 से 1 अक्टूबर, कानपुर, सुबह 9:30 बजे

पहला टी-20: 6 अक्टूबर शाम 7:00 बजे धर्मशाला

दूसरा टी20: 9 अक्टूबर शाम 7:00 बजे दिल्ली

तीसरा टी20: 12 अक्टूबर शाम 7:00 बजे हैदराबाद

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल

बांग्लादेशः नजमुल होसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, तैजुल इस्लाम, महमुदुल हसन जॉय, नईम हसन, खालिद अहमद

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सिम्मलचौड़ निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी।

सिम्मलचौड़ निवासी अमनदीप (24 वर्ष) पुत्र साहब सिंह को बेहोशी की हालत में बेस चिकित्सालय में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताया कि अमनदीप ने घर पर ही गले में चुन्नी बांध फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। आत्महत्या संबंधी कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

गोपाल बंसल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से गोपाल बंसल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती का भी संकल्प लिया।

संगठन की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल बंसल, उपाध्यक्ष विनय गोयल, अमित जैन, सह कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, महासचिव राम प्रसाद जिंदल, सह सचिव राजीव अग्रवाल को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सुरेंद्र गोयल, नितिन गुप्ता, सुमित गोयल, रजनीश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विनीत जिंदल, अशोक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल व सलाहकार समिति में महेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, गोविंद राम गुप्ता, कृष्ण सिंघानिया, शरत चंद्र गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है।

पुण्य तिथि पर अंकिता भंडारी को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर गढ़वाल : जस्टिस फॉर अंकिता कमेटी श्रीनगर की ओर से अंकिता भंडारी हत्याकांड के दो साल पूरे होने पर सोमवार को पीपलचौरी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में नगर क्षेत्र के विभिन्न संगठनों और विवि के छात्र-छात्राओं ने अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। सोमवार को सभा कि अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार उमा घिल्डियाल ने कहा कि बेटियों के साथ उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ कड़े से कड़ा कानून बनना चाहिए। कहा कि किसी की हत्या करने का अधिकार किसी को भी नहीं है, इसलिए अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता पीबी डोभाल और मुकेश सेमवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंकिता भंडारी के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। अभी तक अंकिता को लेकर दोषियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अंकित उछोली ने कहा कि बेटियों के साथ हो रहे आत्याचार के खिलाफ आंदोलन को लगातार उठाना होगा ताकि सरकार तक बात पहुंच सके। जस्टिस फॉर अंकिता समिति की सदस्य रेशमा पंवार ने कहा कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिल जाता और बेटियों के साथ आत्याचार के खिलाफ कड़ा सा कड़ा कानून नहीं बन जाता तब अंकिता की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस मौके पर राजेंद्र रावत, सुरजी उनियाल, सरोज रावत, अनिल स्वामी, पूनम तिवारी, विनोद मैठाणी, प्रभाकर बाबुलकर, उपासना भट्ट, अरुण नेगी, आंचल राणा, शीतल शर्मा, अंबिका, नीरज पंचोली, वंदना गुसाईं, मोनिका चौहान, रोबिन असवाल आदि मौजूद थे।

नशाखोरी को रोकने के लिए समाज को एकजुटता से कार्य करना जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर के नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने कार्यभार संभाल लिया है। सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि शहर के ला एडं आर्डर बनाये रखने व नशा और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए वह प्रयास करेंगे। युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति पर भी अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा नशाखोरी को रोकने के लिए समाज को एकजुटता से कार्य करना होगा। जिससे पुलिस नशा बेचने वाले गैंग तक पहुंच सके। कहा कि नशे के खिलाफ वह विशेष अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में बढ़ रही भिक्षावृत्ति को देखते वह गंभीर है। इसको लेकर उन्होंने सीओ सदर अनुज कुमार कै साथ श्रीनगर में एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की यूनिट खोलने पर विचार किया है उन्होंने बताया कि भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने श्रीनगर में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है।

निर्देश की नहीं ली सुध, खतरा बन रहे सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल

● विद्युत पोल शिफ्ट करने के लिए विस अध्यक्ष ने दिये थे निर्देश ● निर्देश के बाद भी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बना सिस्टम

कोटद्वार में नजीबाबाद चौराके के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े विद्युत पोल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कुछ माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल हटवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन, अधिकारियों ने विस अध्यक्ष के यह निर्देश हवा में उड़ा दिए। नतीजा, एक ओर जहां विद्युत पोल से करंट फैलने का खतरा बना हुआ है वहीं, सड़क किनारे आमजन को पैदल चलने का पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पाता। पूर्व में क्षेत्रवासी भी कई बार सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल को हटवाने की मांग उठा चुके हैं। कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां विद्युत पोल यातायात में बाधा न बन रहे हों। सबसे बुरी स्थति कौड़िया से झंडाचौक के मध्य व झंडाचौक से बुद्धा पार्क के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग की बनी हुई है। चार किलोमीटर के इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर विद्युत पोल के साथ ही ट्रासफार्मर भी व्यवस्थाओं को बेपटरी कर रहे हैं। वर्षाकाल के समय विद्युत पोल व ट्रासफार्मर से करंट फैलने का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर दोपहिया वाहन खड़ा करना भी एक चुनौती बन गई है। इन विद्युत पोल से सबसे अधिक खतरा बुजुर्ग व स्कूली बच्चों को बना रहता है। दो माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें विद्युत पोल अन्य शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, अब तक धरातल पर कोई कार्रवाई नजर नहीं आई।

टेलीफोन के खंबे भी बाधा

झंडाचौक से राजकीय बेस चिकित्सालय के मध्य विद्युत पोल के साथ ही निष्प्रयोज्य तरीके से खड़े टेलीफोन के खंबें भी यातायात में बाधा बन रहे हैं। कई स्थानों पर दो से तीन पोल के साथ ही खड़े हैं। ऐसे में शहरवासियों को सड़क किनारे पार्किंग स्थल तक नहीं मिल पाता। पूर्व में प्रशासन ने बीएसएनएल को इस संबंध में पत्र भेजने की भी बात कही। लेकिन, हालात जस के तस बने हैं।

डा. मनोरमा को मिला साहित्यांचल हिंदी रत्न सम्मान

जयन्त प्रतिनिति कोटद्वार : साहित्यिक संस्था साहित्यांचल की ओर से पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. मनोरमा ढौंडियाल को साहित्यांचल हिन्दी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 28 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ दुगड्डा अमित कुमार चंद्र के प्रतिनिधि एवं जीआईसी कोटद्वार के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने किया। मौके पर वक्ताओं ने हिन्दी को राजभाषा का दर्जा न दे पाने पर सरकार को कोसते हुए कहा कि सरकार स्वयं विदेशी भाषा के विद्यालयों को मान्यता प्रदान करती आ रही है। इससे आमजन में अंग्रेजी शिक्षा का मोह बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नंदकिशोर ढौंडियाल, सीपी नैथानी, डॉ. अनुराग शर्मा, जीआईसी कण्वघाटी के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत कुकरेती, पूर्व प्रधानाचार्य शिव प्रकाश कुकरेती, प्रवेश नवानी, जेपी बुड़ाकोटी, डॉ. बीना वशिष्ठ और कौशल्या जखमोला आदि मौजूद रहे।

चयन ट्रायल 18 सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद स्तरीय हाकी टीम के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 18 सितंबर को सुबह 10 बजे राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिला व पुरूष वर्ग की टीमों का चयन किया जाना है। स्टेडियम प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि हाकी इंडिया की सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए राज्य की टीम का गठन किया जाना है। जिसके लिए रुद्रपुर स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में 20-23 सितंबर तक ओपन पुरूष वर्ग व 23-27 सितंबर तक ओपन महिला का मैच होना है। रुद्रपुर में होने वाले मुकाबलों के लिए 18 सितंबर को जिला स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड, मूल प्रमाणपत्रों के साथ निर्धारित तिथि व समय पर पहुंचने का आग्रह किया।

शहीदों के योगदान को किया याद

आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सोमवार को आठवीं गढ़वाल राइफल्स के पूर्व सैनिकों और उनके स्वजनों की ओर से 59वां युद्ध सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान युद्ध शहीदों का स्मरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन 1965 में आठवीं गढ़वाल राइफल्स ने पाकिस्तान की बुटुर डोगरांडी पोस्ट पर कब्जा कर पाकिस्तानी सेना को करारी शिकस्त दी थी। इस दौरान बटालियन के सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना का सामना करते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा शहीदों के परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में सेनि. सूबेदार मेजर धीरज सिंह, ताजबर सिंह, तीरथ सिंह, देवेंद्र सिंह, महिंद्र पाल सिंह, उत्तम सिंह, बृजमोहन सिंह, जीत सिंह, रमेश जखवाल, पूर्व सैनिकों सहित वीर नारियां मौजूद रहे।

निबंध में कामिनी और कविता पाठ प्रतियोगिता में सोनू ने मारी बाजी

आईएचएमएस में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस, निबंध और कविता पाठ प्रतियोगिताएं हुई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीबीए कोर्स के छात्र-छात्राओं ने भारत के विकास में युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कॉलेज सभागार में मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी खास पहचान बनाए हुई है। विदेशों के महाविद्यालयों में छात्र हिंदी भाषा का कोर्स कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों से हिंदी आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। प्रतियोगिताओं के निर्णायक प्राध्यापक सपना रौथाण, अजय आचार्य और अनुराग सेमवाल के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर निबंध प्रतियोगिता में कामनी ने प्रथम, वैदही ने द्वितीय और दिव्यानी नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में सोनू कुमार ने पहला, गरिमा भाटिया ने दूसरा और खुशी चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सनि.), प्रभारी डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. अश्वनी शर्मा, एचओडी कंप्यूटर साइंस अनुराग सेमवाल, एचओडी होटल मैनेजमेंट पंकज कुकरेती, प्राध्यापक सुरेंद्र सिंह जगवान, प्रदीप भट्ट, सुबोध केष्टवाल, सपना रौथाण, अजय आचार्य आदि मौजूद रहे।

आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी

दुगड्डा के मंदिरों में फहराया भगवा ध्वज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रामलीला से पूर्व रामलीला कमेटी दुगड्डा की ओर से क्षेत्र में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचकर ध्वजा रोहण किया।

सदस्यों ने स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर सिद्धबाबा मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शनिदेव मंदिर, बाल्मीकि मंदिर सहित अन्य मंदिरों में ध्वजा रोहण किया। हाथों में भगवा ध्वज लिए महिलाएं जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रही थी। मंदिरों में ध्वजा रोहण के दौरान भजन, कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा था। ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिलाएं नृत्य कर रही थी। दुगड्डा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप बड़ोला ने बताया कि दुगड्डा में 124वीं रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह मंदिरों में पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर संजीव कोटनाला, अशीष राजपूत, योगेंद्र बिष्ट, राहुल जैन, विनायक नेगी, दीपक ध्यानी, सौरभ गुप्ता, अतुल अग्रवाल, अभय जैन, धर्मेंद्र गोयल, रोहित आदि मौजूद रहे।

दुगड्डा में ध्वजा रोहण करते कमेटी के सदस्य व क्षेत्रीय जन

संदिग्ध गतिविधि होने पर पुलिस को सूचना दें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस ने पैठाणी थाना क्षेत्र में व्यापार मंडल, डिजिटल वॉलियंटर, सीएलजी सदस्यों, महिला मंगल दल सदस्यों, टैक्सी यूनियन के साथ गोष्ठी आयोजित की। सीओ अनुज कुमार ने कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और अफवाह पर ध्यान न दें। कहा कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की जानकारी बिना सोचे-समझे फारवर्ड न करें। इस दौरान सीओ अनुज कुमार ने सभी के सुझाव एवं क्षेत्र की समस्याओं को सुना। उन्होंने गोष्ठी में मौजूद सभी व्यक्तियों को बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन, नशा मुक्ति, गोवंश से संबंधित अभियान, यातायात से संबंधित सुझाव, निवारण, साइबर क्राइम, महिला संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपनी–अपनी दुकानों और कांप्लेक्स में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की है।

बाजार में पशु छोड़ने पर 10 पशुस्वामियों के काटे चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बाजारों में पशुओं को लावारिस छोड़ने वाले पशुस्वामियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर जिले में बाजारों में पशुओं को छोड़ने वाले पशुस्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पशुओं को सड़कों में लावारिस छोड़ने पर सोमवार को अभियान चलाकर 10 पशु स्वामियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत एक-एक हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में बाजारों, सड़कों पर लावारिस घूमने वाले पशुओं से अक्सर यातायात अवरुद्ध होने, सड़क दुघटनाएं घटित होने की आशंका बनी रहती है। बताया कि लावारिस घूमने वाले पशुओं पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को पशुओं को बाजारों, सड़कों पर लावारिस छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि पशुओं को सड़कों में लावारिस छोड़ने पर सोमवार को कोतवाली श्रीनगर ने 5, थाना सतपुली ने 3, थाना थलीसैंण और देवप्रयाग ने 1-1 पशु स्वामियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत एक-एक हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

रियल डेविल्स एफसी के नाम रहा फुटबॉल लीग

नई टिहरी : टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भागीरथीपुरम में आयोजित फुटबॉल लीग सीजन-4 का सोमवार को समापन हुआ। लीग में रियल डेविल्स एफसी ने जीता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीम को मेडल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान भागीरथीपुरम में आयोजित तमक फुटबॉल लीग (सीजन 4) का फाइनल मुकाबला खेला गया। लीग में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। बीटेक विभिन्न स्ट्रीम के प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने टीमों की ओर से प्रतिभाग किया। संस्थान के निदेशक प्रो. एसके प्रधान ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन छात्रों में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को प्रोत्साहित करना था। कॉलेज में शिक्षण और अनुसंधान के साथ ही खेल और सहायक गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जाता है। फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। जिसमें रियल डेविल्स एफसी ने 1-0 से जीत दर्ज कर आउटसाइडर एफसी को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में प्रथम साह, गौरव ढौंडियाल, महेश भट्ट, शशांक कुमार, सुधांशु डिमरी, आलोक बिष्ट, अतुल चौहान और अक्षत केशतवाल ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किय। टूर्नामेंट का सफल आयोजन छात्र समन्वयक सिविल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के प्रथम साह और गौरव ढौंडियाल ने किया।

वन मंत्री ने ग्रामीणों को दिया कार्यवाही का भरोसा

रुद्रप्रयाग : भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने जनपद से आए ग्रामीण शिष्टमंडल के साथ की वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर विभिन्न समस्याएं बताईं। इस दौरान उन्होंने समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन भी दिया। वन मंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा नेता कमलेश उनियाल ने कहा कि वन संबंधी स्वीकृति न मिलने के कारण कई जगह पर विकास कार्य ठप हैं। वन विभाग की एनओसी न मिलने से कई ग्रामीण सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

तकनीकी स्तर से समाधान न होने के चलते केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का कई जगहों पर लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में वन मंत्री ने सभी मामलों पर गंभीरता से कार्यवाही का भरोसा दिया। (एजेंसी)

पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर रक्दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सफाई-व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान देने वाले पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि धरती पर बड़ा दान रक्तदान है। हमें अपने जन्मदिवस पर एवं अन्य शुभ कार्यों में अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए आमजन से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकारों की रक्षा करने का अधिकार दिया। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नगर निगम कोटद्वार में तैनात पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया। कहा कि पर्यावरण मित्रों के कारण ही हमारा शहर स्वच्छ व स्वस्थ है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, गजेंद्र रावत, विनोद रावत, अनीता आर्य, राजेंद्र बिष्ट, विजय रावत, नयन मोंगिया आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करती विस अध्यक्ष

समूहों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने पर दिया जोर

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत समूह कैश क्रेडिट लिमिट स्वरोजगार कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों और नगर पंचायत सतपुली क्षेत्रांतर्गत सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वयन करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समूह सीसीएल स्वरोजगार कार्यक्रम तथा पीएम स्वनिधि पर चर्चा की गयी। कार्यशाला का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी जयदीप सिंह खत्री ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में बैंकों को समूह की सीसीएल, जो निर्धारित हो तथा स्वरोजगार हेतु अधिकतम 2 लाख का व्यवसाय त्रण तथा पीएम स्वनिधि 50 हजार रूपये का ऋण वितरित करने की अपील की गई। कार्यशाला में सिटी मिशन मैनेजर जगदीश रतूड़ी ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर चन्द्रशेखर बडोनी, अमित नेगी, पूर्व सभासद आरती पंवार, ट्रेनर फूड प्रोसेसिंग अनीता रावत, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

: कार्यशाला में जानकारी देते हुए सिटी मिशन मैनेजर जगदीश रतूड़ी।

चमियाला-कांगड़ा मोटर मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू

नई टिहरी : चमियाला कांगड़ा मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य का सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान संगठन भिलंगना के अध्यक्ष दिनेश भजनियाल एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं उद्योगपति गोविंद सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ग्राम प्रधान संजय सिंह पंवार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने घनसाली के विधायक शक्तिलाल शाह का आभार भी जताया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के ईई डीसी नौटियाल, हरि कृष्णा तिवारी, हरीश राणा, हरि भजन पंवार, सोबन सिंह पवार, डबल सिंह, राजस्व उप निरीक्षक चमियाला विनोद नाथ भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

धामी के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा राज्य

नई टिहरी : भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया। उन्होंने पार्टी कार्यालय में मिष्ठान और जिला अस्पताल बौराड़ी में मरीजों को फल वितरण किया। सोमवार को सीएम के जन्मदिन और सदस्यता अभियान के प्रवास पर पहुंचे राज्य सभा सांसद नरेश बंसल का जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण करते हुए सीएम धामी को शुभकामनाएं दी। कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। ऐसे में हर कार्यकर्ता को आधिकारिक सदस्य बनाकर सीएम धामी और पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने बौराड़ी के बूथ संख्या 94-95 पर जाकर दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, मेहरबान रावत, जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, चंबा शिवानी बिष्ट, पूर्व प्रमुख मस्ता नेगी, मीना सेमवाल आदि मौजूद थे। इससे पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव गुसाईं के नेतृत्व में युवाओं ने मैराथन दौड़ आयोजित की। जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने डाईजर से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर प्रथम स्थान पर रहे मयंक नेगी, द्वितीय रहे धीरज तड़ियाल, तृतीय रहे विशाल सिंह समेत आयुष्मान को सांत्वना पुरस्कार भेंट किया।

एक नजर

कांग्रेस ने भाजपा नेता का फूंका पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीते रविवार को शहर में हुए एक कार्यक्रम के दौरान शहर वासियों को अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने भाजपा से आरोपी नेता को निष्काषित करने की मांग उठाई है। कहा कि पौड़ी की जनता के लिए इस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग करना जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता है।

सोमवार को कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर के बाहर एक स्थानीय भाजपा नेता पर जनता के लिए अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। उन्होंने भाजपा नेता का पुतला दहन कर उनके खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह ने कहा कि रविवार को शहर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता ने पौड़ी शहर की जनता को खुले मंच से अपशब्द कहकर संबोधित किया। जोकि पौड़ी वासियों का घोर अपमान है। जिसका वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

केदारनाथ उपचुनाव में आप उतारेगी प्रत्याशी

रुद्रप्रयाग : आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने रुद्रप्रयाग में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में आगामी केदारनाथ उप चुनाव और निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि दोनों चुनावों में पार्टी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। साथ ही चुनाव के लिए संयोजक एवं सह संयोजक भी नियुक्त किए गए। मुख्यालय स्थित काली कमली धर्मशाला में आयोजित बैठक से पहले प्रदेश अध्यक्ष ने संगम स्थित मां चामुंडा और भगवान रुद्रनाथ के दर्शन किए। बैठक में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात में कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी कार्यकर्ता चुनावी मोड़ पर आ जाएं। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर चुनाव तैयारी में जुट जाए। इससे पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री गणेश भट्ट ने श्रीनगर की बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत की। केदारनाथ उप चुनाव के लिए उप समिति बनाई गई। जिसमें संयोजक पुरुषोत्तम चंद्रवाल तथा सह संयोजक डॉ. सुनील भट्ट को जिम्मेदारी सौंपी गई। जो अगले 15 दिनों मे अपनी रिपोर्ट देंगे। नगर पालिका रुद्रप्रयाग के लिए जोत सिंह बिष्ट को संयोजक व देवेंद्र बिष्ट को सह संयोजक का दायित्व सौपा गया। बैठक में अध्यक्ष किशोरी नंदन डोभाल, कांता प्रसाद ढौंडियाल, जोत सिंह बिष्ट, प्यार सिंह नेगी, अरविंद पंवार, अमन कुमार, कैलाश कुमार, पुरुषोत्तम चंद्रवाल, सुनील भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

थराली के सोल क्षेत्र के लोगों ने प्रदर्शन किया

चमोली : सोल क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने कनिष्ठ प्रमुख राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में थराली-डुंग्री मोटरमार्ग पर हिमन स्लाइड जोन के सामने सोमवार को सड़क पर क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोल क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए विधायक के खिलाफ नारेबाजी भी गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सोल क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली आदि सुविधाएं क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। कनिष्ठ प्रमुख राजेंद्र सिंह बिष्ट का कहना है क्षेत्र के लोगों की मुख्य मांग है कि हिमन स्लाइडिंग जोन का स्थायी समाधान किया जाय। थराली-डुंग्री मोटरमार्ग के किमी चार और सात में स्लाइड ट्रीटमेंट का स्थाई समाधान किया जाय। कहा हर वर्ष यहां पर भूस्खलन होता है और बरसात के मौसम में अक्सर सड़क बंद ही रहती हैं।

एक महीने बाद भी सड़क बदहाल

चमोली : जोशीमठ न्यू नन्दा घुंघटी सुमो जीप एसोसिएशन के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगर पालिका कूड़ा डंपिंग जोन के निकट एक माह से बदहाल बदरीनाथ नेशनल हाईवे को जल्द ठीक करने की गुहार लगाई। ज्ञापन मे माध्यम से सूमो जीप एसोसिएशन के लोगों ने कहा कि 9 जुलाई को चट्टान टूटने से बदरीनाथ नेशनल हाईवे नगर से एक किलोमीटर पहले पालिका कूड़ा डंपिंग जोन के निकट बंद हो गया था जिसे उस समय 3 दिन बाद बीआरओ ने वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक रूप से सुचारू किया था। लेकिन एक माह का समय बीत जाने के बाद भी बीआरओ ने यहां पर सड़क के सुधारीकरण का कार्य शुरू नहीं किया है जिस कारण से यहां पर सड़क काफी संकरी और खड़ी चढ़ाई वाली टूटी फूटी होने के कारण बड़े यात्रा वाहन और भारी वाहनों को आरपार होने में भारी परेशानी हो रही है।

युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

प्रदेश भर में खेल प्रतियोगिताएं, वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर हुए आयोजित, देश भर से शीर्ष राजनेताओं और अन्य हस्तियों ने दी शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन सोमवार को युवा संकल्प दिवस के रूप में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम सहित प्रदेश भर के मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और हवन के साथ मुख्यमंत्री की दीर्घायु तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। विभिन्न संगठनों के तत्वावधान में सभी जिलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। देहरादून में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम धामी को बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) सहित कई केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों और अन्य राजनेताओं ने मुख्यमंत्री धामी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री धामी ने आज सबसे पहले शासकीय आवास पर अपनी माताजी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री सपरिवार टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वक्त राज्य प्राकृतिक आपदा से ग्रस्त है, आम लोगों और संगठनों को आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री के शासकीय आवास पर सीएम धामी को बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा।

राज्य की तस्वीर बदलने में सबसे आगे हैं धामी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आप राज्य को बदलने के लिए विभिन्न पहलों में सबसे आगे हैं। ईश्वर करे कि आप दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जियें।

विकास का सुनहरा दौर देख रहा उत्तराखंड : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए बाबा केदारनाथ से उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है। सीएम धामी को भेजे गए संदेश में गृहमंत्री ने कहा कि ह्लआपके नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखंड विकास व गरीब कल्याण का सुनहरा दौर देख रहा हैह्व।

असाधारण प्रयास कर रहे हैं धामी : राजनाथ सिंह

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सीएम धामी अपने राज्य के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए असाधारण प्रयास कर रहे हैं।

नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है उत्तराखंड : धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने संदेश में लिखा ह्लदेवभूमि उत्तराखंड के यशस्वी और जनप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके अथक परिश्रम व समर्पण से उत्तराखंड निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है और प्रगति के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

बदरीनाथ में महाभिषेक, केदारनाथ में रूद्राभिषेक पूजा

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर बद्रीनाथ में महाभिषेक और केदारनाथ धाम में रुद्राभिषेक पूजा कराई गई। इसके अलावा ऑंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ, नृसिंह मंदिर जोशीमठ, तृतीय केदार तुंगनाथ, सिद्धपीठ कालीमठ में विशेष पूजा–अर्चना और हवन किया गया।

दिव्यांग बच्चों से मिले, केक खिलाया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजपुर रोड स्थित एनआईवीएच पहुंचकर वहां दिव्यांग बच्चों से मिले और उनके साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों को केक खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने अपने हाथों से बनाया गया एक मॉडल उपहार स्वरूप मुख्यमंत्री को भेंट किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला न्यायालय परिसर पौड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी प्राविधिक स्वयं सेवीगणों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है।

जिला न्यायालय परिसर पौड़ी में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के सभी प्राविधिक स्वयं सेवीगणों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जानकारी के अनुसार माइग्रेशन एंड एसाइलम प्रोजेक्ट द्वारा तीन दिनों तक या प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं शिविल जज अकरम अली द्वारा किया गया। उन्होंने सभी परा विधिक स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के सभी प्राविधिक स्वयं सेवी गणों के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। नालसा और सालसा के तहत चलाई जा रही कल्याकारी योजनाओं की जानकारी वह आम जरूरतमंद को विधिक सेवाओं की भी जानकारियां कार्यक्रम में दी जाएगी, उन्हें ध्यान पूर्वक सुनते हुए समझे जिन चीजों में कोई संदेह हो तो बेझिझक पूछकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

नई टिहरी : हिंदाव पट्टी के महर गांव तल्ला में विद्युत पोल पर उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौके पर मौत हो गई। क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी विक्रम घनाता ने बताया कि सोमवार तड़के ग्रामीण करण सिंह रावत की गाभिन भैंस जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये थी। वह घर के पास चारा चुग रही थी। जो कि विद्युत पोल पर उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिस कारण भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। कहा कि क्षेत्र में गुजर रही विद्युत लाइनों की स्थिति काफी खराब है। जगह-जगह तारें खुली पड़ी हैं। पोल भी सड़े गले होने के कारण झुके गये हैं।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बद्रीनाथ धाम में किया विशेष पूजन

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर बद्रीनाथ धाम में डिमरी केंद्रीय पंचायत की ओर से विशेष पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर बद्रीनाथ धाम के पुजारी समुदाय श्री बद्रीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत ने मुख्यमंत्री को जन्म-दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए भगवान बद्री विशाल से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र कल्याण की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने भगवान श्री बद्री विशाल एवं श्री महालक्ष्मी से मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर पंचायत के उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी एवं पूर्व रावल ईश्वर प्रसाद

नंबूदिरि, मंदिर समिति के मुख्य कार्य अधिकारी विजय थपलियाल, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल आदि लोगों द्वारा भगवान के पूजन अर्चन के पश्चात हवन भी किया गया। वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन हवनाचार्य डिमरी पुजारी पंडित शिव प्रसाद डिमरी द्वारा संपन्न करवाया गया।

मूल निवासी स्वाभिमान संगठन ने सरकार को दी 26 सितंबर तक की मोहलत

चमोली : मूल निवासी स्वाभिमान संगठन जोशीमठ ने सोमवार को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री नगर में ही विस्थापन कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में नगर के आपदा प्रभावितों के संदर्भ में जल्द निर्णय लेने, उचित मुआवजा जारी करने, पूरे नगर का वृहद ट्रीटमेंट अविलंब शुरू करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में लोगों ने 26 सितंबर तक मांगे न माने जाने पर 27 सितंबर को जोशीमठ बाजार बंद, चक्का जाम और क्रमिक अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। लोगों ने मुख्य चौराहे से एसडीएम कार्यालय तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। तथा शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार जोशीमठ आपदा प्रभावितों के

साथ छलावा कर रही है जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कहा कि अपदा के 18 महीने बाद भी अभी तक प्रभावित नगर जोशीमठ के लिए सरकार रोड मैप तक तैयार नहीं कर पाई है जो चिन्ताजनक है। (एजेंसी)

महिला कांग्रेस ने चलाया सदस्यता अभियान

चमोली : महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर सोमवार को गोपेश्वर में कांग्रेस सदस्यता अभियान शुरू किया गया। इस अवसर जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ऊषा रावत ने कहा कांग्रेस सदैव महिला सम्मान और स्वाभिमान के लिए आगे रही है और सदैव आगे रहेगी। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को शिक्षा, राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में मिले प्रतिनिधित्व पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में उषा रावत ने कहा गांव-गांव में कांग्रेस की विकासोन्मुखी योजनाओं से प्रेरित होकर लोग पार्टी से जुड़े हुए हैं। बड़े पैमाने पर कांग्रेस का सदस्य अभियान चला हुआ है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अंजू, ब्लॉक अध्यक्ष पूनम देवी, राधादेवी, पूर्व प्रधान विनीता देवी, उषा फरस्वाण, गोदाम्बरी देवी, चन्द्रकला बिष्ट, बसन्ती देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष कांग्रेस योगेंद्र सिंह, जिला महामंत्री सन्दीप झिंक्वाण, अरविंद नेगी, मनीष नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

भाजपा ने लोगों को सदस्यता दिलाने पर दिया जोर

रुद्रप्रयाग : भाजपा के सतेराखाल चोपता के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें मिस काल के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता दिलाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा नए मतदाता को मतदाता सूची में जोड़ने का काम भी करना है, ताकि कोई भी मतदान से वंचित न रहे। सतेराखाल चोपता के शक्ति केंद्र दुर्गाधार, चोपता, फ्लासी, घिमतोली, गडीधार, मयकोटी सहित कई स्थानों पर सदस्यता अभियान के दौरान मंडल प्रवासी प्रभारी विक्रम कंडारी ने कार्यकर्ताओं को भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया सदस्यता अभियान एक नए युग का संकेत है, जहां हर भारतीय भाजपा के राष्ट्र निर्माण के संकल्प में जुड़ेगा। इस अभियान में सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिन कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन प्रसाद भट्ट ने बताया कि बीस सितंबर से पहले ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना है।

दुर्गाधार शक्ति केंद्र के प्रवासी प्रभारी दरमियान सिंह जख्वाल, शक्ति केंद्र चोपता के दीपराज बंगारी, शक्ति केंद्र फलासी के मेहरबान सिंह रावत, शक्ति केंद्र घिमतोली के जगदीश सिंह नेगी, शक्ति केंद्र काण्डेई के शैलेंद्र सिंह भंडारी, शक्ति केंद्र मायकोटि के घनश्याम पुरोहित, शक्ति केंद्र गडीधार बृजभूषण वशिष्ठ ने बूथों पर जाकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर रामेश्वर सेमवाल, सर्वेश्वर चमोला, प्रहलाद सिंह गुसाईं, भाजयुमो जिला मंत्री अमित प्रदाली, मंडल उपाध्यक्ष हरीश सिंह गुंसाई, मंडल मीडिया प्रभारी मानेंद्र कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष राकेश सिंह रावत, विमल बिष्ट, गंभीर सिंह नेगी, भागचंद् नेगी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

प्रधानाचार्य भर्ती के खिलाफ आंदोलन को शिक्षकों ने किया खत्म

देहरादून(आरएनएस)। प्रधानाचार्य भर्ती के खिलाफ दो सितंबर से चल रहे आंदोलन को राजकीय शिक्षक संघ ने सोमवार को वापस ले लिया। बीते रोज मुख्यमंत्री के ओएसडी दलवीर दानू और माध्यमिक शिक्षा निदेशक लीलाधर व्यास द्वारा भर्ती परीक्षा पर दिए गए आश्वासन के बाद यह निर्णय किया गया। हालांकि संघ ने साथ ही यह चेतावनी दी भी कि राज्य शैक्षिक (अध्यापन संवर्ग) सेवा नियमावली को निरस्त न किया गया तो दोबारा आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। इसी नियमावली के तहत प्रधानाचार्य के रिक्त 692 पदों पर विभागीय स्तर पर भर्ती कराई जा रही है। दोपहर माध्यमिक शिक्षा निदेशक व्यास ने निदेशालय परिसर में धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने 14 सितंबर से भूखहड़ताल पर बैठे शिक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट, अर्जुन पंवार और अंकित रौथाण को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। इसके साथ ही संघ ने आंदोलन को वापस लेने का ऐलान कर दिया।संघ अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि संघ प्रधानाचार्य के शतप्रतिशत पदों को प्रमोशन के जरिए ही भरे जाने की मांग पर अडिग है। उच्चाधिकारियों के उचित कार्यवाही के आश्वासन पर आंदोलन को वापस लिया गया है। संघ की मांगों को लेकर शिक्षा सचिव को आज ज्ञापन भेजा गया है। इसमें नियमावली को तत्काल निरस्त करने और एलटी–प्रवक्ता से हाईस्कूल प्रधानाध्यापक और एलटी से प्रवक्ता पदों पर प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की गई है। यदि इन दोनों मांगों पर कार्यवाही नहीं होती तो संघ आज स्थगित किए स्तर से दोबारा आंदोलन शुरू कर देगा।इससे पहले आज सुबह शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

राकेश व मुर्शरफ को विधानसभा प्रभारी की मिली जिम्मेदारी

नई टिहरी : टिहरी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा और प्रदेश सचिव मुर्शरफ अली को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी कांग्रेस आलाकमान ने दी है। जिम्मेदारी पर कांग्रेसियों ने दोनों नेताओं को बधाई दी है। कांग्रेसी नेता राकेश राणा और मुर्शरफ अली को जम्मू कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए यह जिम्मेदारी मिली है। स्थानीय कांग्रेसियों में विजय गुनसोला, शांति प्रसाद भट्ट, आशा रावत, कुलदीप पंवार, देवेंद्र नौडियाल, मीना शाह, अनिता रावत, ज्योति भट्ट, सोहन सिंह रावत आदि ने जिम्मेदारी के लिए राकेश और मुर्शरफ को बधाइयां दी हैं। (एजेंसी)

तेजी से आगे बढ़ रहा भाजपा का सदस्यता पर्व

नई टिहरी : चंबा ग्रामीण के प्रदेश सह संयोजक प्रवासी विस्तारक सुशील बहुगुणा ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों बूथों पर सदस्यता अभियान चलाते हुए कई लोगों को सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता पर्व तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा में सदस्यता प्रक्रिया सभी के लिए समान है।

दूसरी ओर चंबा के ग्रामीण बूथ भाटूसैंण में भाजपा के विचारों से सहमत 200 लोगों को सुशील बहुगुणा ने कार्यक्रम आयोजित कर सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान के दौरान चंबा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार बहुगुणा, सदस्यता अभियान के चंबा ग्रामीण के नरेंद्र पंवार, सुधीर बहुगुणा,

प्रधान पटुडी अजय कैंतुरा, सविता देवी, अनीता देवी, गीता देवी भगीरथी देवी, जसोदा, संतोषी देवी, प्रतिमा देवी, शशि देवी, प्रमिला देवी, असरुफी देवी, राजेश्वरी देवी, भुवनेश्वरी देवी, सुशीला देवी, सुरेश कुकरेती, अनसूया देवी, मण्डल महामंत्री विक्रम राणा, सुधीर बहुगुणा, विनोद उनियाल, दर्शन लाल कुकरेती, दिनेश भण्डारी, नरेंद्र पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

देहरादून डीएवी के छात्रों का प्रदर्शन 7वें दिन भी रहा जारी

देहरादून। डीएवी छात्र संघ की ओर से अपनी मांगों को लेकर कॉलेज परिसर में दिए जा रहे धरना सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा । 16 सितंबर से छात्रों ने दिन रात के लिए अनिश्चितकालीन धरना शुरू किए जाने का निर्णय लिया है। छात्रों ने सचिवालय घेराव की चेतावनी भी दी है।छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल का कहना है कि छात्र–छात्राओं के लिए जो समस्याएं उठाई गई हैं, उनका समाधान होने तक उनका धरना इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हर दिन शासन और प्रशासन के खिलाफ छात्र आंदोलनरत रहेंगे। इस दौरान अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज में कई विभागों में अध्यापकों के पद खाली चल रहे हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इससे शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। छात्र–छात्राओं के लिए कक्षाओं में बैठने के लिए उचित

व्यवस्था नहीं है। इससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ये हैं छात्र संघ की मांगें: छात्र संघ अध्यक्ष ने कॉलेज में छात्रों के लिए स्मार्ट क्लास बनाए जाने की भी मांग उठाई है। साथ ही कहा कि प्रदेश भर से छात्र डीएवी कॉलेज में पढ़ने आते हैं, लेकिन कॉलेज आने जाने में उन्हें बस का किराया चुकाना पड़ता है। उन्होंने सभी छात्रों के लिए आई कार्ड पर फ्री बस पास की सुविधा दिए जाने की मांग उठाई है। छात्र संघ अध्यक्ष का कहना है कि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महाविद्यालय में लगभग एक वर्ष पूर्व 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने इसका शिलान्यास भी किया, परंतु अब तक कॉलेज कैंपस में 100 फीट का तिरंगा नहीं लहराया गया है, इससे छात्र निराश हैं।

– छात्रों को आई कार्ड पर फ्री बस पास मिले

– शिक्षकों के खाली पदों को तत्काल भरा जाए

– स्मार्ट क्लास बनाई जाएं

– छात्रों के लिए कक्षाओं में बैठने की ठीक व्यवस्था हो

– कॉलेज में 100 फीट का तिरंगा लगे

18 सितंबर को सचिवालय का घेरावः सिद्धार्थ अग्रवाल ने सरकार को चेताया कि इन्हीं मांगों को लेकर 18 सितंबर को सचिवालय घेराव किया जाएगा।

दोराहा में शराब की दुकान की छत काटकर हजारों की नगदी चोरी

काशीपुर। दोराहा में अंग्रेजी शराब की दुकान की टिन की छत काटकर दुकान से हजारों की नगदी उड़ा ली। चोरों ने महंगी शराब की 2 बोतलें भी चुराने का प्रयास किया।

वहीं दुकान में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी की सूचना पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दोराहा में काशीपुर रोड स्थित अनुज्ञापी इंद्रा देवी की अंग्रेजी शराब की दुकान है, जहां से टिन की छत काटकर गल्ले में रखी करीब 42 हजार 800 रुपए की नगदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसके बाद चोर ने दुकान से कारों 26 हजार रुपए की दो शराब की बोतल को भी चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन शराब की बोतल को चोर छत पर ही छोड़ गया। घटना की जानकारी तब पता चली जब दुकान का सेल्समैन आकाश शर्मा दुकान खोलने के लिए पहुंचा। जहां आकाश ने दुकान में सामान बिखरा हुआ देखा। जिसके बाद आकाश ने घटना की जानकारी अनुज्ञापी इंद्रा देवी के पुत्र राहुल और पुलिस को दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दुकान में हुई चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस दौरान दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com